यूपी फार्मा कान्क्लेव 1.0 के शुभारंभ पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई कंपनियों के मुखिया ने अपने विचार रखे

फार्मा उद्योग के लिए यूपी एक बड़ा उपभोक्ता भी:पाठक

फार्मा कान्क्लेव 1.0

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि फार्मा इंडस्ट्री से जुड़े लोग सोच रहे होंगे कि उन्हें उत्तर प्रदेश में बुलाने में इतना देर क्यों हुई। क्योंकि किसी बड़े मेहमान को बुलाने से पहले अपने घर की खास साफ-सफाई करनी पड़ती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। यूपी को नया स्टेट बनाया है। कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा उपभोक्ता भी है। आज प्रदेश में सभी 75 जिलों में मेडिकल कालेज हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार हुआ है और निवेश के लिए सुरक्षित माहौल है। यूपी मेडिकल एजुकेशन का भी बड़ा हब है।

यूपी की बदली तस्वीर की फार्मा क्षेत्र के दिग्गजों ने की प्रशंसा: उप्र फार्मा कान्क्लेव 1.0 में मंगलवार को फार्मा क्षेत्र के कई दिग्गज जुटे, जिन्होंने यूपी की बदली तस्वीर की प्रशंसा की। खासकर कानून-व्यवस्था व ईज आफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में हुए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छाशक्ति से बदले स्वरूप की चर्चा की। फार्मा के क्षेत्र में पीछे चल रहे उत्तर प्रदेश के लिए भविष्य की संभावनाओ और चुनौतियों को लेकर सुझाव भी दिए। कहा कि यूपी ने जो बुनियादी और संरचनात्मक बदलाव किए हैं, वे पूरे देश को दिशा देने वाले साबित हो रहे हैं। कार्यक्रम में मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा का मेरठ से पलायन कर दिल्ली जाने का दर्द भी झलका। भतीजे के अपहरण की वजह से पलायन के कटु अनुभव को साझा किया।

जेपी नड्डा का वीडियो संदेश : कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। नड्डा ने कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत कर रहा है।

लखनऊ में फार्मा कान्क्लेव के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी और फार्मा कंपनियों के चेयरमैन।

- ललितपुर में विकसित हो रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क
- यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क
- प्रदेश को फार्मा और बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास तेज

योगी ने अवनीश अवस्थी की भूमिका को सराहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेंटर के विकास के लिए उन्होंने तत्कालीन अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी को आईआईटी कानपुर भेजा था। वह खुद भी इसी संस्थान के पढ़े है। आज इस सेंटर के विकास में 1200 करोड़ रुपये लग चुके है। मुख्यमंत्री ने ललितपुर में पहला फार्मा पार्क बनाने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराने में भी अवनीश अवस्थी की भूमिका की सराहना की।

“पहले माहौल ठीक नहीं था। 2001 में मेरे भतीजे का अपहरण हो गया था। अब निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।
रमेश जुनेजा, चेयरमैन मैनकाइंड

“उत्तर प्रदेश में जो बुनियादी परिवर्तन देखने को मिले हैं, वे अभूतपूर्व हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है।
अयोध्या रामी रेड्डी, सांसद

“यूपी आज निवेशकों को रेड टेप नहीं, रेड कार्पेट ट्रीटमेंट दे रहा है। यह सब मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संभव हुआ है।
जीनल मेहता, चेयरमैन टोरेंट समूह

“फार्मा सेक्टर में भारत की भूमिका वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है, हम यहां काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।
सतीश रेड्डी, चेयरमैन डा. रेड्डीज

“किसी भी उद्यम के लिए भूमि, बिजली, पानी और मैनपावर जरूरी है और ये यूपी में भरपूर हैं।
पंकज रमनभाई पटेल, चेयरमैन जाइडस लाइफ साइंसेज

“सन फार्मा देश की सबसे बड़ी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी फार्मा कंपनी है। हम यूपी में यूनिट लगाना चाहते हैं।
दिलीप सांघवी, सन फार्मास्यूटिकल

“यूपी को फार्मा के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए खास सोच रखनी होगी। एआई भी बड़ी भूमिका होगा।
डॉ. विनोद, सदस्य नीति आयोग